# उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो 23 से

जासं • लखनऊ : उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो (यूपीआइटीईएक्स) 23 से 27 जनवरी तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के लान-2 में आयोजित किया जाएगा। यूपी स्टेट चैप्टर, पीएचडी चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआइ), केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, उत्तर प्रदेश एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) व इन्वेस्ट यूपी के सहयोग से आयोजित इस ट्रेड एक्सपो में व्यापार और निवेश को प्रोत्साहित किया जाएगा। साथ ही स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

पीएचडी हाउस, गोमतीनगर में पीएचडीसीसीआइ यूपी स्टेट चैप्टर के सह-अध्यक्ष राजेश निगम ने कहा कि यूपीआइटीईएक्स प्रदेश की औद्योगिक क्षमता को प्रदर्शित करने का एक प्रमुख मंच होगा, जिसमें 300 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शक (एक्जीविटर) शामिल होंगे। यूपी ओडीओपी, इन्वेस्ट यूपी, यूपी खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, गुजरात ओडीओपी, यूपीएसआरएलएम, राष्ट्रीय जूट बोर्ड, नाबार्ड, हस्तशिल्प, लेदर प्रोडक्ट्स, फूड कोर्ट, आटोमोबाइल और अन्य क्षेत्रों के स्टाल होंगे। उन्होंने कहा कि यूपीआइटीईएक्स न केवल उत्तर प्रदेश को वैश्विक व्यापार मानचित्र पर स्थान दिलाएगा, बल्कि यह राज्य में निवेश और रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न करेगा। सह-अध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने कहा कि यूपीआइटीईएक्स प्लाइवुड उद्योग के निर्माताओं और व्यापारियों के लिए एक बड़ा मौका है। यह उत्तर प्रदेश में प्लाईवुड क्षेत्र की संभावनाओं को जानने का बेहतरीन अवसर है। पीएचडीसीसीआइ के वरिष्ठ सदस्य एलके झुनझुनवाला ने कहा कि स्थानीय कारीगरों और ग्रामीण उद्यमियों के लिए यह एक्सपो एक नई उम्मीद लेकर आएगा। यह उनके कई प्रकार के विश्वस्तरीय उत्पादों को वैश्विक मंच पर लाने का सशक्त माध्यम बनेगा। पीएचडीसीसीआइ यूपी स्टेट चैप्टर के क्षेत्रीय निदेशक अतुल श्रीवास्तव, सदस्य संजीव अग्रवाल ने भी विचार साझा किए।

गोमतीनगर के पीएचडी हाउस में एक्सपो के पोस्टर का विमोचन करते (बाएं से) हरदीप सिंह, सर्वेश गोयल, राकेश निगम, विवेक अग्रवाल व अतुल श्रीवास्तव • संस्था